कोटद्वार, मंगलवार
22 जुलाई 2025
वर्षः 47
अंकः 83 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### गंगोत्री हाईवे पर कांवड़ियों का ट्रक पलटा, पांच घायल

उत्तरकाशी। बीते रविवार की रात को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनगाड़ से 50 मीटर आगे गंगोत्री की तरफ कांवड़ियों से भरा एक ट्रक सड़क पर पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में ड्राइवर सहित कुल 13 लोग सवार थे, जिनमें से पांच लोग घायल हुए। घायलों को देर रात जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया। इस दौरान गंगनानी से आगे नाग देवता मंदिर के पास एक कावड़ यात्री सड़क से नीचे गिर गया। जिसका अभी तक कोई पता नहीं लग पाया है। एसडीआरएफ और पुलिस मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल गुसाईं ने बताया कि रविवार रात को करीब साढ़े सात बजे कांवड़ यात्रियों से भरा ट्रक सोनगाड़ से कुछ दूरी पर सड़क पर पलट गया, जिसमें दिल्ली निवासी 19 वर्षीय आशीष, 19 वर्षीय जतिन, 26 वर्षीय धीरज, 24 वर्षीय जग्गनाथ तथा 20 वर्षीय साहिल घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। इस दौरान हाईवे पर कुछ देर यातायात बाधित हो गया। जिसे रेस्क्यू के बाद खोल दिया गया था। यहां दीपक भाऊनिवासी हिसार हरियाणा नाग देवता से नीचे गिर गया था। जिसकी खोजबीन को एसडीआरएफ, पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार को भी दिनभर लापता की तलाश में रेस्क्यू चलाया गया।

### बाजारों में टमाटर छू रहा आसमान, काश्तकारों को भारी नुकसान

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले में इन दिनों सेब के साथ टमाटर की फसल का तुड़ान कार्य जोरों पर है। देहरादून और विकासनगर की मंडी तक इन दिनों नौगांव क्षेत्र का टमाटर पहुंच रहा है। लेकिन स्थानीय काश्तकारों को टमाटर का उचित भाव नहीं मिल पा रहा है। जिससे स्थानीय काश्तकारों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। नौगांव ब्लॉक के मटियाली, स्योरी, बिंगसी, थाडी, कुंड, सपेटा, किम्मी पीसाऊ नैणी, धारी तथा कफनौल क्षेत्र में इन दिनों टमाटर के तुड़ान का कार्य जोरों पर है। यहां काश्तकारों को 30 किलो की क्रेट का भाव केवल 400 ही मिल रहा है, जो बहुत कम है। जबकि नौगांव से देहरादून का एक क्रेट का किराया 150 रुपये है। मंडियों में बैठे बिचौलिए काश्तकारों से 10 रुपये किलो के हिसाब से टमाटर खरीदकर अपना मुनाफा कमा रहे हैं। स्थानीय काश्तकार गिरवीर राणा ने बताया कि देहरादून और विकासनगर की मंडी समितियों ने किसानों के साथ मोल भाव में छलावा किया है। जहां टमाटर बाजार में 80 रुपये किलो बिक रहा है, वहीं काश्तकारों से 10 रुपये किलो के हिसाब से टमाटर खरीदे जा रहे हैं। इससे काश्तकारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मंडी समितियों पर किसानों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।

### पुजेली गांव में गुलदार के हमले बाद मुस्तैदी बढ़ाई

उत्तरकाशी। पुरोला विकासखंड के कुमोला थोक के पुजेली गांव के लोवारी–डोखरी नामे तोक में रविवार सुबह घास काटने गई महिला पर गुलदार के हमले के बाद वन विभाग की टीम क्षेत्र में मुस्तैद है। पूरे क्षेत्र में कॉम्बिंग की जा रही है। रविवार को घटी घटना की सूचना मिलते ही पुरोला रेंज के कर्मचारियों ने तत्काल मौके का निरीक्षण किया। जिसमें गुलदार के पंजों के निशान पाए गए और हमले की पुष्टि हुई। उप प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद मोल्फा ने बताया कि घटना के बाद से विभागीय टीम ने पूरी रात क्षेत्र में कॉम्बिंग की है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक क्षेत्र में गुलदार द्वारा किसी अन्य अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मोल्फा ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे जंगलों में अकेले न जाएं और रात को घर से बाहर निकलने से बचें। दूसरी ओर डीएफओ डीपी बलूनी ने जानकारी दी कि घायल महिला का देहरादून में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मुआवजे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वहीं वन विभाग की टीम स्थिति पर नजर रख रही है। क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# मानसून सीजन में सभी अधिकारी 24 घंटे अलर्ट मोड में रहें : धामी

## जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम स्तर तक आपदा प्रबंधन तंत्र को सक्रिय रखा जाए

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आईटी पार्क स्थित राज्य आपदा परिचालन केन्द्र से प्रदेश में हो रही अतिवृष्टि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों से वर्चुअल माध्यम से बातचीत कर जनपदों में बारिश की स्थिति, सड़कों की स्थिति, चारधाम और कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं तथा विद्युत, पेयजल एवं मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में सभी अधिकारी 24 घंटे अलर्ट मोड में रहें। किसी भी जान-माल के नुकसान से बचाव के लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि बारिश के पूर्वानुमान का अपडेट लोगों को तुरंत मिल जाए। इसके लिए जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम स्तर तक आपदा प्रबंधन तंत्र को सक्रिय रखा जाए। वर्षा के कारण जो सड़कें



बाधित हो रही हैं, उन्हें शीघ्रता से सुचारु किया जाए। भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। वर्षा के कारण जनजीवन प्रभावित न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए रिस्पांस टाइम कम से कम किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानसून के दृष्टिगत राज्य के पर्वतीय जनपदों में खाद्यान्न, दवाइयों और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। संपर्क मार्ग बाधित होने पर आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी रखी जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी जनपद से करंट लगने की शिकायतें न आएं। नदियों के बढ़ते जल स्तर की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को मौसम का नियमित अपडेट दिया जाए। वर्षा के कारण यातायात प्रभावित होने की स्थिति में श्रद्धालुओं को ठहराव स्थलों पर भोजन, पानी एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनन्द स्वरूप, अपर सचिव बंशीधर तिवारी एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### हार्ट अटैक से जवान की मौत, एक महीने पहले हुई थी शादी



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल राइफल्स सेंटर लैंसडौन के कौड़िया स्थित आर्मी कैंप में एक जवान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जवान का एक माह पूर्व ही विवाह हुआ था। श्रीनगर के ग्राम कटाखोली निवासी जवान लोकेंद्र प्रताप 26 वर्षीय कौड़िया स्थित एमटी कैंप में वाहन चलाने का प्रशिक्षण लेने के लिए पहुंचा हुआ था। रविवार को ट्रेंनिग के बाद लोकेंद्र अपने साथी जवानों के साथ अपने बैरक में सोने के लिए चला गया था। सोमवार सुबह जवान ट्रेंनिग के लिए तैयार होने लगे। लेकिन, लोकेंद्र उठा नहीं इसके बाद जवानों ने उसे उठाने का प्रयास किया। लेकिन, वह अचेत पड़ा हुआ था। आनन-फानन में जवान को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार लगाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार रात11:30 बजे तक जवान ने अपने परिजनों से बातचीत की थी।

**लोकसभा में हंगामा : राहुल गांधी बोले**

# सरकार के लोग बोल सकते हैं, तो विपक्ष के क्यों नहीं?, प्रियंका गांधी ने किया समर्थन

नई दिल्ली ,संसद के मानसून सत्र के दौरान सोमवार को लोकसभा में विपक्ष और सरकार के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में अपनी बात रखने की अनुमति न मिलने को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जब सरकार की ओर से रक्षा मंत्री और अन्य मंत्री बोल सकते हैं, तो विपक्ष के नेता को भी बोलने का अधिकार मिलना चाहिए। राहुल गांधी ने सदन में कहा, सवाल यह है कि सरकार के लोग सदन में बोल सकते हैं, लेकिन विपक्ष के किसी नेता को बोलने नहीं दिया जाता। मैं विपक्ष का नेता हूं, मुझे कभी बोलने ही नहीं दिया जाता। यह मेरा हक है। परंपरा कहती है कि अगर सरकार की ओर से लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह मिलनी चाहिए। राहुल गांधी की बात का समर्थन करते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, अगर सरकार चर्चा के लिए तैयार है, तो उन्हें विपक्ष के नेता



को बोलने देना चाहिए। वह (राहुल गांधी) बोलने के लिए खड़े हुए हैं, इसलिए उन्हें बोलने दिया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि मानसून सत्र की शुरुआत से ही विभिन्न मुद्दों पर सरकार और विपक्ष के बीच तीखा टकराव देखने को मिल रहा है। विपक्ष का आरोप है कि उन्हें अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जा रहा, जबकि सरकार इसे सत्र को बाधित करने की राजनीति बता रही है।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली ,देशभर की सभी दुकानों पर नेमप्लेट लगाने की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह याचिका वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है, जिसमें मांग की गई है कि सभी दुकानों, रेहड़ी–पटरी वालों, शोरूम, डिस्ट्रीब्यूटर और डीलरों के लिए नेमप्लेट लगाना अनिवार्य किया जाए। इससे उपभोक्ताओं को दुकानदार की पहचान, पता, संपर्क नंबर और सामान की गुणवत्ता की पूरी जानकारी मिल सकेगी। वकील अश्विनी उपाध्याय ने इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उपभोक्ता का जानने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत मौलिक अधिकार है।

अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और खाद्य सुरक्षा अधिनियम में स्पष्ट रूप से उल्लेख



है कि चाहे वह रेहड़ी–पटरी वाला हो, छोटा दुकानदार हो, शोरूम का मालिक हो, डिस्ट्रीब्यूटर हो या डीलर हो, सभी को अपने प्रतिष्ठान के बाहर एक डिस्प्ले बोर्ड लगाना चाहिए। इस बोर्ड पर दुकानदार का नाम, पता, लाइसेंस नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर जैसी जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। हालांकि, देशभर में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है।

उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह हाल ही में हरिद्वार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र गए थे, जहां उन्होंने देखा कि कई दुकानों, खासकर खान–पान से जुड़ी दुकानों पर कोई नेमप्लेट या जानकारी प्रदर्शित नहीं थी। इससे उपभोक्ताओं को दुकानदार की पहचान और सामान की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई होती है। खासकर व्रत और त्योहारों के दौरान, जब लोग अपनी खाने की पसंद–नापसंद को लेकर सजग रहते हैं, ऐसी जानकारी का अभाव उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनता है। अश्विनी उपाध्याय ने आगे कहा, यह नियम केवल कांवड़ यात्रा या किसी विशेष अवसर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि पूरे देश में साल के 365 दिन लागू होना चाहिए। यह उपभोक्ताओं का मौलिक अधिकार है, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, खाद्य सुरक्षा अधिनियम और संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत सुनिश्चित किया गया है।

### ईडी ने लांघी सारी सीमाएं, वकीलों को समन भेजने पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली ,प्रवर्तन निदेशालय की कार्यशैली को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान बेहद सख्त और अहम टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि ईडी सभी सीमाएं लांघ रही है और अब उसके लिए कुछ दिशानिर्देश (गाइडलाइंस) तय करने की जरूरत है। यह मामला कुछ वकीलों को ईडी द्वारा जारी किए गए समन से जुड़ा था। इन वकीलों ने आर्थिक अपराधों के आरोपियों को कानूनी सलाह दी थी, जिसके चलते एजेंसी ने उन्हें भी समन भेज दिया था। इसी मामले पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा, ईडी ने सीमा पार कर दी है। आप वकीलों को इस तरह समन नहीं भेज सकते क्योंकि उन्होंने आरोपी को सलाह दी है। अदालत ने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि इस तरह की कार्रवाई से कानून के पेशे की स्वतंत्रता सीधे तौर पर प्रभावित होगी। कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसा होता रहा तो कोई भी वकील अपने मुवक्किल को निष्पक्ष सलाह देने से डरेगा।

# दिल्ली हाईकोर्ट को मिले 6 नए जज, मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने दिलाई शपथ

नई दिल्ली ,दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को 6 नए न्यायाधीशों ने शपथ ली। इनमें न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव, न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे, न्यायमूर्ति विवेक चौधरी, न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल, न्यायमूर्ति अरुण मोंगा और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला शामिल हैं। शपथ समारोह में दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने सभी नए जजों को शपथ दिलाई।

इस नियुक्ति के बाद दिल्ली हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है, जबकि स्वीकृत पदों की कुल संख्या 60 है। ये सभी जज सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश और केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद अन्य हाईकोर्टों से दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित किए गए हैं। न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव का नाम सबसे खास है, जो मई 2024 में कर्नाटक हाईकोर्ट गए थे और अब अपने मूल कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट, में लौट आए हैं। उन्हें अप्रैल 2013 में दिल्ली हाईकोर्ट का अतिरिक्त जज और मार्च 2015 में स्थायी जज





बनाया गया था। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से आए हैं। उन्होंने 1988 में चंडीगढ़ में वकालत शुरू की थी और 2014 में सीनियर एडवोकेट बने। जुलाई 2017 में उन्हें अतिरिक्त जज नियुक्त किया गया था।

न्यायमूर्ति अरुण मोंगा राजस्थान हाईकोर्ट से स्थानांतरित हुए हैं। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से कानून की डिग्री ली और 1991 में वकालत शुरू की। 1997–98 में दिल्ली आए और अक्टूबर 2018 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में जज बने। नवंबर 2023 में उन्हें राजस्थान हाईकोर्ट भेजा गया था। न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला इलाहाबाद हाईकोर्ट से आए हैं। उन्होंने लखनऊ यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की और 2003 में यूपी बार काउंसिल में नामांकन कराया।

# पीएम मोदी ने ट्रेकोमा फ्री इंडिया का किया जिक्र, बोले— आरोग्य के क्षेत्र में भारत कर रहा बेहतरीन काम

नई दिल्ली ,एक वक्त था जब ट्रेकोमा जैसी आंख की बीमारी भारत में अंधेपन की बड़ी वजह मानी जाती थी। गंदगी और इलाज की कमी से ये बीमारी लाखों लोगों को प्रभावित कर रही थी। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। भारत ने वर्षों की मेहनत, जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं के जरिए इस बीमारी को पीछे छोड़ दिया। इसकी पुष्टि खुद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने की थी। इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार गर्व से देश के सामने रखा है। मानसून सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए एक बार फिर उन्होंने ट्रेकोमा से भारत की जीत को बड़ी सफलता बताया है। पीएम मोदी ने मानसून सत्र की शुरुआत से पहले कहा, डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि भारत ने आंख की बीमारी ट्रेकोमा से खुद को मुक्त कर लिया है। आरोग्य के क्षेत्र में हमने अच्छा काम किया है।



इससे पहले भी पीएम मोदी मन की बात कार्यक्रम में इस पर बात कर चुके हैं। 29 जून को प्रसारित हुए अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात में उन्होंने देश के स्वास्थ्यकर्मियों, डॉक्टरों और जागरूक नागरिकों को इस सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि यह भारत की जन–भागीदारी और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा था, ट्रेकोमा एक गंभीर संक्रमक नेत्र रोग है, जो आमतौर पर गंदगी, साफ–सफाई की कमी और बैक्टीरिया के संक्रमण से फैलता है। यह आंखों में सूजन पैदा करता है और समय पर इलाज न होने पर अंधेपन का कारण भी बन सकता है। एक समय था जब भारत में यह बीमारी व्यापक रूप से फैली हुई थी, लेकिन बीते कुछ वर्षों में केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर इसके उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाए। स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों ने साफ–सफाई और स्वच्छ पेयजल की पहुंच को बढ़ाकर बीमारी को जड़ से खत्म करने में बड़ी भूमिका निभाई। बता दें कि ट्रेकोमा एक खास बैक्टीरिया (क्लैमाइडिया ट्रैकोमैटिस) के कारण होता है। यह बीमारी गंदगी, साफ–सफाई की कमी और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलती है।

किसी बीमार व्यक्ति की आंख, नाक या गंदे हाथों को छूने से, या उसके इस्तेमाल किए हुए रुमाल और तौलिए से भी ये बीमारी दूसरे लोगों में पहुंच सकती है।

### बिजली के तार की चपेट में आने से किसान की मौत

रुड़की। थाना क्षेत्र के गांव में एक किसान की रविवार रात को खेत में बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई। किसान उस समय अपने खेत में धान की फसल में सिंचाई करने के लिए गया हुआ था। ग्राम हिराहेडी निवासी कुलबीर सिंह (42) रविवार रात को धान की फसल में सिंचाई करने के लिए गया था।

जब किसान खेत में पहुंचा तो इसी दौरान अंधेरा होने के कारण वह बिजली के तार की चपेट में आ गया। उस दौरान तार में करंट आ रहा था। इससे करंट लगने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर होने पर भी जब किसान घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन किसान को ढूंढने के लिए खेत में पहुंचे।

जहां उन्हें किसान नलकूप के पास मृत अवस्था में पड़ा मिला। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए ही किसान का अंतिम संस्कार कर दिया।

# मकान बेचने की डील कर हड़प लिए 1.55 करोड़ रुपये

देहरादून। चंदरनगर, शहर कोतवाली क्षेत्र में मकान बेचने की डील कर 1.55 करोड़ रुपये हड़प लिए गए। आरोपियों ने संपत्ति का एग्रीमेंट कर एडवांस के तौर पर रकम ली। बाद में पीड़ित को पता लगा कि जिस संपत्ति का एग्रीमेंट किया, उसका एक हिस्सा पहले से दानपात्र के रूप में बेच दिया गया है। शहर कोतवाली पुलिस ने दंपति और उनके दो बच्चों समेत पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल प्रदीप पंत ने बताया कि अंकित जैन निवासी चमन विहार, निरंजनपुर ने तहरीर दी। बताया कि वह संपत्ति खरीद–फरोख्त और निर्माण कर बेचने का काम करते हैं। सितंबर 2024 में गौरव सेठी और विजय अग्रवाल ने उन्हें चंदर नगर स्थित मकान बेचने की जानकारी दी। तब वह मकान के मालिक अशोक कुमार गुप्ता और पूनम गुप्ता मिले।



डील होने पर 17 सितंबर 2024 को 11.21 करोड़ रुपये में खरीदने का एग्रीमेंट किया। एग्रीमेंट के बाद अंकित जैन ने 1.55 करोड़ रुपये का भुगतान चेक और नकद देकर कर दिया। जिसकी रसीदें अशोक और पूनम गुप्ता ने हस्ताक्षर कर दीं। पीड़ित रजिस्ट्री की तैयारी में लगे थे। इस बीच उन्हें पता लगा कि जिस संपत्ति को बेचने का एग्रीमेंट किया, उसका एक हिस्सा 15 जनवरी 2018 को दान पत्र से अशोक और पूनम ने अपने बेटे शुभम गुप्ता के नाम कर दिया था।

# डाक कांवड़ियों के कारण लक्सर और देहरादून हाईवे पर जाम



हरिद्वार। धर्मनगरी में सोमवार को हाईवे से लेकर शहर की सड़कों पर डाक कांवड़ की भागम–भाग रही। जिस कारण हरिद्वार–देहरादून और हरिद्वार–लक्सर हाईवे पूरी तरह जाम रहा। अब वापस लौट रहे कांवड़ियों के कारण हाईवे जाम हो गया। पंतद्वीप से लेकर चंडी चौक तक हाईवे कांवड़ वाहनों से पैक रहा। शहर के अंदर पैदल कांवड़ियों के कारण खड़खड़ी, भीमगोड़ा में जाम लगा रहा। धर्मनगरी में सोमवार को हाईवे से लेकर शहर की सड़कों पर डाक कांवड़ की भागमभाग देखने को मिली। सिंहद्वार से लेकर उत्तरी हरिद्वार पूरी तरह एक ओर का हाईवे पैक रहा। कनखल कृष्णानगर मार्ग पर भी डाक कांवड़ियों के वाहनों से जाम लगा।क्योंकि, बैरागी कैंप की पार्किंग से वाहनों को हाईवे पर कनखल से निकाला जा रहा था। कांवड़ यात्रा अपने अंतिम चरण पर पहुंच चुकी है। सोमवार को अधिकतर डाक कांवड़ और बाइक सवार कांवड़िए गंगाजल लेकर अपने राज्यों को निकले, लेकिन हाईवे पर बड़ी बड़ी डाक कांवड़ और बाइक सवार कांवड़ियों की अधिक संख्या के चलते जाम लगा, जबकि हरिद्वार दिल्ली हाईवे पर वाहनों का दबाव अधिक था, लेकिन लेकिन जाम नहीं था। इस हाईवे पर कांवड़िए ही चल रहे थे। दूसरी ओर हरिद्वार लक्सर हाईवे पूरी तरह पैक रहा। इस मार्ग से डाक कांवड़ियों के वाहनों को बैरागी कैंप में भेजा जा रहा है। जिस कारण जाम लग रहा है। पथरी के हिस्सों में सोमवार को जाम रहा। खड़खड़ी से चंद्राचार्य चौक पहुंचने में डेढ़ घंटे का समय हाईवे पर बड़ी–बड़ी डाक कांवड़ और बाइक सवार कांवड़ियों की अधिक संख्या के चलते जाम लगा। खड़खड़ी से चंद्राचार्य चौक करीब पांच किलोमीटर आने पर बाइक से डेढ़ घंटे का समय लगा। शहर में आने से रोका कांवड़ियों की बाइक शहर आने से रोकना पुलिस के चुनौती नजर आया। हालांकि पुलिस शहर को जाने वाले मार्गों पर बैरियर लगाकर कांवड़ियों के दोपहिया वाहनों को लौटाती हुई नजर आई। भीमगोड़ा, दूधाधारी चौकी, करपात्री चौक, सूखी नदी, पंतद्वीप पार्किंग, सिंहद्वार, प्रेमनगर चौक हाईवे पर बैरियर लगाकर कांवड़ियों के वाहनों को शहर के अंदर आने से रोका गया। हिल बाईपास नहीं खुला, स्थानीय लोग रहे परेशान इस बार हिल बाईपास नहीं खोला गया, जिस कारण स्थानीय लोगों को सबसे अधिक परेशान होना पड़ा। उत्तरी हरिद्वार से ज्वालापुर की कनेक्टिविटी पूरी तरह कटी रही। हाईवे पर ई–रिक्शा, ऑटो और विक्रम को पहले ही बंद कर दिया गया था।

### कांवड़ मेले में बीईजी आर्मी तैराक दल ने 107 शिवभक्त कांवड़ियों का बचाया बहुमूल्य जीवन

हरिद्वार। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेन्द्र डोबाल के निर्देशन, नगर पुलिस अधीक्षक पंकज गैरोला तथा अपर जिलाधिकारी फिंचाराम के मुख्य संयोजन एवं इंडियन रेड्क्रास सचिव/ बीईजी आर्मी तैराक दल के नोडल अधिकारी डॉ. नरेश चौधरी के संयोजन में बीईजी आर्मी के तैराक दलों ने अपनी मोटर बोटों एवं सभी संशाधनों के साथ मुस्तैद होकर विभिन्न घाटों पर अब तक कांवड मेले के दौरान 107 शिवभक्त कांवड़ियों का गंगा में डूबने से बचाकर उत्कृष्ठ कार्य किया जिसकी जगह–जगह सराहना की जा रही है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के अथक प्रयास एवं पहल पर बीईजी आर्मी के कमान्डेंट ब्रिगेडियर के.पी.सिहं, कर्नल अभिषेक पोखरियाल, ले. कर्नल विवेक सिंह, मेजर एलपी कम्बोज के नेतृत्व में सूबेदार लखबीर सिंह, नायब सूबेदार कुलविन्दर सिंह, हवलदार तन्मय कुमार परिजा, हवलदार अनिल कुमार, हवलदार बिलाल शैख, हवलदार राजेश कुमार, हवलदार ललित सिंह, लान्स हवलदार अनिल कुमार , लान्स हवलदार सोमनाथ गौरई, लान्स हवलदार प्रमोद चन्द्र भट्ट, नायक गुरूसेवक सिंह, सैपर श्रीजीत एसपी, सैपर प्रीत जैना, सैपर सुरेन्द्र सिंह, सैपर प्रमोद सिंह द्वारा कांवड़ मेला क्षेत्र के हरकी पैड़ी के आसपास घाट, सुभाष घाट, सी.सी.आर. घाट, गऊघाट, कुशाघाट, हनुमान घाट, रामघाट, रोड़ी बेलवाला घाट, बिरला घाट, अलकनंदा घाट एवं कांवड़ पटरी मार्ग के सोलानी पुल के आसपास के क्षेत्रों में लगातार शिवभक्त कांवड़ियों की गंगा में नहाते हुए डूबने से बचाने के लिये तत्पर होकर समर्पित सेवा की जा रही है।

# सम्पादकीय

## स्वास्थ्य सेवाओं का इलाज जरूरी

उत्तराखंड में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने के आवश्यक प्रयास किया जा रहे हैं लेकिन आज भी तमाम कोशिश करने के बावजूद गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सुविधाएं सरकारी अस्पतालों में मुहैया नहीं हो पाई है। सरकारी अस्पतालों में अपना कार्यभार काम करने के लिए मरीज को दूसरे अस्पतालों में रेफर करना चिकित्सकों की आदत बन गई है जिसे लेकर अब राज्य सरकार ने कड़ा रवैया अपनाने की तैयारी कर ली है और साफ संकेत दिए हैं कि किसी भी मरीज को रेफर करने के बाद चिकित्सक की जवाब दे ही निश्चित होगी। मरीज को रेफर करने के लिए चिकित्सकों की लापरवाही पर नकल करते हुए यह जरूरी कर दिया गया है कि जो भी मरीज रेफर किया जाएगा उसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी या फिर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को भी हस्ताक्षर करने होंगे। सरकारी अस्पतालों में मरीज को दूसरे अस्पतालों में भेजना सामान्य हो गया है और चिकित्सा उपलब्ध होने के बावजूद भी मरीज को चिकित्सा आमतौर पर अपना कार्य भर काम करने के लिए दूसरा अस्पतालों में रेफर कर देते हैं जिससे मरीजों पर अनावश्यक तौर पर वित्तीय भार भी पड़ता है। राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए तमाम कोशिश से कर रही है लेकिन जब तक "ग्राउंड जीरो" पर इन व्यवस्थाओं को पटरी पर नहीं लाया जाएगा तब तक कागजों में चाहे जितने भी दिशा निर्देश जारी किए जाते रहे इनका कुछ परिणाम निकलने वाला नहीं है। यही स्थिति मेडिकल कोर्स पूरा करने के बाद सरकारी सेवा की अवधि ज्वाइन करने वाले चिकित्सकों एवं स्थानांतरित किए गए चिकित्सकों की भी है जो बॉन्ड एवं सेवा शर्तों में किए गए अनुबंध को पूरा नहीं कर रहे हैं। सरकारी अस्पतालों के बाहर चल रही विभिन्न सेवाओं की दुकान भी सरकार के टारगेट पर है जिसमें मुख्य तौर पर एंबुलेंस सेवाएं हैं। अस्पताल प्रशासन मरीज को संसाधन होने के बावजूद भी एंबुलेंस या फिर श्वान उपलब्ध नहीं करता है। कई बार मृत्यु के बाद मृतक के परिजनों को शव को घर ले जाने में काफी परेशानी होती है, खासकर जब जनपद में मोर्चरी वाहन या शव वाहन उपलब्ध नहीं होता। सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के लिए एक मॉनिटरिंग कमेटी भी होनी चाहिए जहां मरीज या तीमारदार बेखौफ होकर चिकित्सकों या फिर अस्पताल प्रशासन या सेवाओं में कमी की शिकायत कर सकें, लेकिन हकीकत में सरकारी अस्पतालों में ना तो किसी की सुनी जाती है और ना ही शिकायत करने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर किसी प्रकार की कार्रवाई ही होती है। कड़वा है लेकिन सत्य तो यही है कि स्वास्थ्य सेवा में सुधार में बट्टा लगाने वालों में मरीज और उनके तीमारदार नहीं बल्कि खुद अस्पताल के चिकित्सा एवं कर्मचारी ही मुख्य तौर पर जिम्मेदार हैं।

# नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का सारथी

**डॉ. मनसुख मांडविया**

कहा जाता है कि अगर किसी देश को आगे बढ़ना है, विकसित होना है, तो उसका युवा सशक्त और समर्थ होना चाहिए। विश्व में भारत ऐसा देश है, जहां सबसे अधिक युवा आबादी है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अगर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो उसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारी युवा शक्ति ही निभाएगी। देश के विकास की रफ्तार युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प से ही तय होती है।



लेकिन आज राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, अपने युवाओं को नशे की लत से दूर रखना। वर्तमान में युवा वर्ग नशे के घेरे में आता जा रहा है। यह नशा न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि करियर, सपनों और देश की ताकत को भी प्रभावित कर रहा है। एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 10 से 24 वर्ष की उम्र के हर 5 में से 1 युवा ने कभी न कभी ड्रग्स का सेवन किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की रिपोर्ट के अनुसार, 8.5 लाख से अधिक बच्चे ड्रग्स की लत का शिकार हैं। ये आंकड़े बेहद डरावने और चिंतन योग्य हैं।

ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों के खात्मे के लिए भारत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। 2020 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 'नशा मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की। नशे की लत को रोकने और पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार ने राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र और आउटरीच–कम–ड्रॉप–इन सेंटर की स्थापना की। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए गए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने ड्रग माफिया के विरुद्ध सशक्त ऑपरेशन्स किए। साथ ही, देशभर में युवाओं की काउंसलिंग हेतु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी स्थापित किए गए। इसके अलावा विभिन्न राज्यों में भी स्थानीय प्रशासन, गैर–सरकारी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से नशे के विरुद्ध कई बड़े अभियान चलाए जा रहे हैं।

भारत इस लड़ाई को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में मेरा भारत ने एक बड़ी पहल की है। बाबा काशी विश्वनाथ की धरती से 19 से 20 जुलाई तक 'युवा आध्यात्मिक समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम होगा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'। वाराणसी के पावन घाटों पर आयोजित होने वाले इस समिट का उद्देश्य, एक ऐसी राष्ट्रीय नीति बनाना है, जो युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान को सशक्त बनाए।

इस समिट में देशभर की 100 से अधिक आध्यात्मिक संस्थाओं के युवा प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाएं भी इसमें सहभागिता करेंगी। इसके माध्यम से युवाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वो अपनी आवाज़ को सरकार और नीति निर्माताओं तक पहुँचा सकेंगे।

इस समिट में देश की नशे के विरुद्ध लड़ाई को मजबूत करने के लिए विभिन्न सेशन्स आयोजित किए जाएंगे। इसमें नशे की प्रवृत्ति, इसकी प्रकृति, प्रकार, पीड़ितों की जनसांख्यिकी, अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव और सरकार तथा मेरा भारत के युवा स्वयंसेवकों की भूमिका जैसे विषयों पर गहन विचार–विमर्श और चर्चा होगी। साथ ही नशे की लत से उबरने वाले युवाओं की प्रेरक कहानियां और उनके अनुभव भी साझा किए जाएंगे, ताकि अन्य युवा उनसे प्रेरणा ले सकें।

अंत में एक 'काशी डिक्लेरेशन' जारी किया जाएगा, जो अगले पांच वर्षों के लिए नशा मुक्ति अभियान का रोडमैप होगा। इसमें यह तय किया जाएगा कि युवाओं को किस प्रकार नशे से दूर रखा जाए, नशे की गिरफ्त में आए लोगों की कैसे सहायता की जाए और पूरे देश में जागरूकता अभियान को किस तरह तेज किया जाए।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश की अमृत पीढ़ी के सपनों का भारत बनाने की बात करते हैं। उनके विजन के अनुरूप, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम, एक समग्र और प्रभावशाली पहल का उदाहरण बनेगा। यह पहल न केवल युवाओं को नशे से दूर रखने में मदद करेगी, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में भी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी।

देश को विकसित राष्ट्र बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी युवा शक्ति की है। काशी में आयोजित होने वाला 'युवा आध्यात्मिक समिट' इस लक्ष्य की दिशा में केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय चेतना का प्रारंभ स्थल बनेगा। यह नशे के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान को नई दिशा और ऊर्जा देगा। साथ ही, युवाओं में नैतिक मूल्यों, सामाजिक ज़िम्मेदारी और आत्म–संयम का ऐसा भाव जागृत करेगा, जो न केवल उन्हें अपने जीवन में सार्थकता देगा, बल्कि देश को भी आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का माध्यम बनेगा। काशी की पवित्र धरती से उठने वाली यह पुकार, हर युवा के मन में जागृति और देशभक्ति का नया प्रकाश भर देगी और यही संकल्प 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा।

# छात्राओं की मानसिक दशा को समझने की आवश्यकता

बालासोर खुदकशी कांड, बालासोर के स्वायत्त कॉलेज की छात्रा ने यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध हो कर खुद को लगाई आग, ओड़िशा कॉलेज आग खुदकशी ओडिशा में बालासोर के स्वायत्त कॉलेज की छात्रा ने यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध हो कर परिसर में ही खुद को आग लगा ली जिसमें वह नब्बे फीसद जल गई। आखिर में छात्रा ने हॉस्पीटल में दम तोड़ा दिया। उसे बचाने का प्रयास करने वाला छात्र भी काफी झुलस गया। छात्रा ने सहायक समीर साहू के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करवाई थी। घटना के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया जबकि प्राचार्य व शिक्षा विभाग के प्रमुख को निलंबित कर दिया। यूनिसेफ की रपट कहती है, भारत में उन्नीस साल से कम उम्र 42 प्रतिशत लड़कियों की यौन शोषण होता है।

द लैंसेट जरनल द्वारा 1990 से 2023 के दरम्यान किए गए अध्ययन में पाया गया कि भारत में 30 प्रतिशत से अधिक लड़कियां व 13 प्रतिशत लड़के 18 साल का होने से पहले यौन हिंसा का शिकार होते हैं। पीड़ितों को तनाव, भय व मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ता–उम्र जूझना पड़ता है। स्कूल–कॉलेज, कार्यस्थल से लेकर कुटुंब के भीतर तक हो रही यौन हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बातें लंबे अरसे से की जा रही हैं। कॉलेज परिसर में खुद को आग लगाने को मजबूर इस छात्रा की शिकायत के प्रति प्रबंधन व प्राचार्य का रुख बेहद आम है जिससे छात्रों/युवाओं को बचाने व पूरी तरह सुरक्षा प्रदान करने की जरूरत है। शिक्षण संस्थानों से लेकर कार्यस्थलों तक कार्यरत आतंरिक समितियां बहुधा इसी तरह ढुल–मुल रवैया रखती हैं। मगर राज्यों में बने महिला व मानवाधिकार आयोगों के गैर–जिम्मेदाराना बर्ताव पर सरकारें चुप्पी साधे रखती हैं जबकि ये मामले त्वरित सुलटाए जाने की जरूरत होती है क्योंकि इसका सीधा असर छात्र की शिक्षा व मानसिक स्थिति पर होता है। उज्वल भविष्य का उसका स्वप्न इससे चौपट हो सकता है। बेशक, आरोपी के लिए भी मामले का निपटान शीघ्र आवश्यक है क्योंकि सिर्फ अन्य विद्यार्थी ही नहीं इससे प्रभावित होते बल्कि दोषी व आरोपी दोनों को ही साक्ष्यों, सहयोगियों, परिचितों व माजी के बर्ताव के आधार पर परख कर मानसिक प्रताड़ना से मुक्त करने का भी त्वरित प्रयास होना चाहिए। आत्मदाह करने वाली छात्रा की मानसिक दशा व अन्याय बर्दाश्त करने की सीमा को बेहद मानवीय व संवेदनशील तरीके से समझने की आवश्यकता है। प्रबंधन, लापरवाह व्यवस्था, सरकारों, न्याया प्रक्रिया से लेकर समूचे समाज को इस पर मंथन करना चाहिए।

# भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा ,एक यक्ष प्रश्न?

**अजय दीक्षित**

भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में यह आम राय नहीं बन पा रही है कि पार्टी का अध्यक्ष कौन होगा। यह एक यक्ष प्रश्न है और किसी भी एक व्यक्ति के हाथ में नहीं है कि वह फैसला कर सके । लेकिन जिन नेताओं के नाम सामने आए हैं उनको भी यह नहीं पता कि उनका नाम कहां से आया है। इस गुत्थी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकारवाह

दत्तात्रेय होशवले सुलझाने में लगे हैं। इस पद का चयन 2029 लोकसभा चुनाव से भी जुड़ा है।एक मुद्दा यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 17 सितंबर को 75 वर्ष के होने वाले हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में संघ प्रचारक स्व मोरोपंत पिंगले के समारोह में बोलते हुए कहा था कि राजनीति में अवकाश की आयु सीमा तय होनी चाहिए।इस संदेश से भारतीय जनता पार्टी में हड़कंप मच गया है।इस संदेश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जोड़ा जा रहा है। ऐसा सुना जा रहा है कि लोकसभा सत्र से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव हो सकता है।2024 में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा था कि अब हमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की जरूरत नहीं है। भारतीय जनता पार्टी सक्षम है लेकिन पार्टी के भीतर संगठन मंत्रियों ने इस बयान को बचकाना माना था और किसी ने भी समर्थन नहीं किया था क्योंकि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही खंती विभाग प्रचारक रहे हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान, राजनाथ सिंह, और कई मुख्यमंत्री संघ के बकायदा दायित्व वान कार्यकर्ता रहे हैं। और इन नेताओं के नाम ही अध्यक्ष पद के लिए आ रहे हैं। बताया जाता है कि अब की बार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने स्तर पर मुख्यमंत्रियों से भी राय ले रहा है।संघ ने दत्तात्रेय होसबोले को राय देने की जिम्मेदारी दे रखी है। भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि दक्षिण भारत से कोई नाम अंतिम दौर में पहुंचे । महिला के तौर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आंध्र प्रदेश से मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की साली और

**संगठन मंत्रियों ने इस बयान को बचकाना माना था और किसी ने भी समर्थन नहीं किया था क्योंकि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही खंती विभाग प्रचारक रहे हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, शिवराज सिंह चौहान, राजनाथ सिंह, और कई मुख्यमंत्री संघ के बकायदा दायित्व वान कार्यकर्ता रहे हैं। और इन नेताओं के नाम ही अध्यक्ष पद के लिए आ रहे हैं। बताया जाता है कि अब की बार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने स्तर पर मुख्यमंत्रियों से भी राय ले रहा है।संघ ने दत्तात्रेय होसबोले को राय देने की जिम्मेदारी दे रखी है। भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि दक्षिण भारत से कोई नाम अंतिम दौर में पहुंचे । महिला के तौर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आंध्र प्रदेश से मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की साली और एन टी रामाराव की पुत्री भाजपा नेत्री, केंदीय मंत्री पुरुदनरी का नाम भी शामिल है। लेकिन उत्तर भारत से हिंदी पट्टी से भी नाम पर सहमति बन सकती है।**

एन टी रामाराव की पुत्री भाजपा नेत्री, केंदीय मंत्री पुरुदनरी का नाम भी शामिल है। लेकिन उत्तर भारत से हिंदी पट्टी से भी नाम पर सहमति बन सकती है।

भारतीय जनता पार्टी संजय जोशी के नाम को लेकर असमंजस में है वे केंद्रीय संगठन महासचिव भी उस समय रहे हैं जब स्व अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे । संजय जोशी भी गुजरात से आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संजय जोशी के बजाय बी अल संतोष के नाम को आगे बढ़ाने के इच्छुक हैं।संतोष भी वर्तमान में केंद्रीय संगठन महासचिव है। और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक रहे हैं, दक्षिण भारत से भी है। लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर कोई बड़ा व्यक्तिव आसीन होने वाला है यह तय है।जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद का भी हो सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बन ना बड़ी जिम्मेदारी है। उत्तराखंड,दिल्ली, हरियाणा महाराष्ट्र गोवा ओड़िशा मेघालय मिजोरम नागालैंड त्रिपुरा मणिपुर, मप्र, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश,असम,में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जबकि आंध्र प्रदेश, बिहार, एनडीए सरकार है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद पर चुनाव तीन साल के लिए होता है और दो कार्यकाल से अधिक कोई भी चुना नहीं जा सकता है।

अब तक अटल बिहारी वाजपेई ही ऐसे नेता रहे हैं जो जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के लगभग आठ साल अध्यक्ष रहे हैं। उसके लालकृष्ण आडवाणी 4, वर्ष अध्यक्ष रहे। राजनाथ सिंह दो बार अलग अलग समय पर इस पद पर चुने गए हैं। वैंकैया नायडू, पी अनंत कुमार, कुशाभाऊ ठाकरे, के कृष्णमूर्ति, भी अध्यक्ष रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा,4,4 वर्ष अध्यक्ष पद चुने गए हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे नेता रहे जो जनसंघ के प्रथम संगठन महासचिव रहे और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु के बाद अध्यक्ष बने। बलराज माधोक, सुंदर सिंह भंडारी,भी जनसंघ के अध्यक्ष रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी 1984 के लोकसभा चुनावों में 02 सीटे ही जीत पाई थी। उसके बाद लालकृष्ण आडवाणी अध्यक्ष निर्वाचित हुए।1989 लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 86 लोकसभा जीतकर भारतीय राजनीति में अपना स्थान बनाया था।तब से भारतीय जनता पार्टी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# मेगा प्रिंस वरुण तेज स्टारर हॉरर कॉमेडी वीटी15 की शूटिंग पूरे जोरों पर, शीर्षक और झलक जल्द

मेगा प्रिंस वरुण तेज वीटी15 के साथ कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं, जो भारतीय और कोरियाई पृष्ठभूमि पर आधारित हॉरर और कॉमेडी का एक अनूठा मिश्रण है। मेरलापाका गांधी द्वारा निर्देशित, यह फिल्म रोमांच और हंसी के बेजोड़ मिश्रण के साथ एक अनोखा सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है। यूवी क्रिएशंस और फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट द्वारा बड़े पैमाने पर निर्मित और एस थमन द्वारा संगीतबद्ध, यह फिल्म तेज़ी से आगे बढ़ रही है।



हैदराबाद और अनंतपुर शेड्यूल के बाद, वीटी15 की शूटिंग अपने नवीनतम विदेशी शेड्यूल के साथ चल रही है, जहां वरुण तेज और मुख्य कलाकार फिल्म के कुछ सबसे मनोरंजक और उच्च ऊर्जा वाले दृश्यों को फिल्मा रहे हैं। टीम इस विदेशी शेड्यूल में जीवंत और मनमोहक पृष्ठभूमि में अद्भुत दृश्य सामग्री को कैद कर रही है, जिससे इस प्रोजेक्ट में एक रोमांचक अंतरराष्ट्रीय रंग जुड़ रहा है। लोकेशन की हलचल और कलाकारों की ऊर्जा इस बात का संकेत है कि यह एक बेहतरीन मनोरंजक फिल्म बनने वाली है। इस शेड्यूल के पूरा होते ही 80त्न शूटिंग पूरी हो जाएगी।

वीटी15 वरुण तेज का निर्देशक मेरलापाका गांधी और यूवी क्रिएशंस के साथ पहला सहयोग है, जबकि कांचे के बाद फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट के साथ फिर से जुड़ रहे हैं।

शीर्षक और एक झलक सहित अधिक अपडेट जल्द ही जारी किए जाएंगे। एक बेहद मज़ेदार सफर के लिए तैयार रहें, क्योंकि वीटी15 पहले जैसा अभूतपूर्व बड़े पर्दे पर मनोरंजन देने के लिए तैयार है!

## भारत को चौथे टेस्ट से पहले लगा झटका, नितीश रेड्डी शेष सीरीज से हुए बाहर

नईदिल्ली,। भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 23 जुलाई से खेले जाने वाले चौथे टेस्ट से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के ऑलराउंडर नितीश रेड्डी चोट के चलते सीरीज के शेष 2 मैचों से बाहर हो गए हैं। रेड्डी चौथे टेस्ट से पहले जिम में ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लगवा बैठे थे। इसी तरह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी चोट के कारण चौथे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने इसकी पुष्टि की है।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण बाकी 2 टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। वह स्वदेश लौटेंगे। टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। उन्होंने बताया कि अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट मैच से बाहर रहेंगे। अभ्यास सत्र के दौरान उनके बांए अंगूठे में चोट लगी थी। पुरुष चयन समिति ने अंशुल कंबोज को टीम में शामिल किया है। रेड्डी को मौजूदा सीरीज के 2 मैचों में खेलने का अवसर मिला। उन्होंने बर्मिंघम टेस्ट में दोनों पारियों में 1 और 1 रन के स्कोर किए थे। दूसरी तरफ गेंदबाजी में वह कोई विकेट नहीं ले सके थे।

# एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी 2025: कुलदीप यादव को चौथे टेस्ट में मिलेगा मौका

नईदिल्ली,। इस समय खेली जा रही एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। ऐसी खबर है कि भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को इस मुकाबले में मौका मिल सकता है। अब तक हुए शुरुआती 3 टेस्ट में कुलदीप को प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला है। बता दें कि फिलहाल इंग्लैंड ने सीरीज में 2–1 से बढ़त बनाई हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम प्रबंधन ने अगले टेस्ट में कुलदीप को मौका देने की योजना बनाई है। अगर ऐसा होता है तो वह लगभग 7 साल बाद इंग्लैंड में टेस्ट खेलेंगे। दिलचस्प रूप से कुलदीप ने इंग्लैंड में सिर्फ 1 टेस्ट खेला है, जिसमें वह कोई विकेट नहीं ले सके थे। उन्होंने 2018 के दौरे पर लॉर्ड्स टेस्ट में 9 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें 44 रन देते हुए कोई विकेट नहीं लिया था।



30 वर्षीय कुलदीप ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अब तक कुल 6 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 22.28 की औसत के साथ 21 विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 1 पारी में 5 विकेट हॉल भी लिया है। पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 72 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा है। उन्होंने इंग्लिश टीम के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट मैच मार्च 2024 में धर्मशाला के मैदान पर खेला था। कुलदीप को जितनी सफलता टी–20 और वनडे में मिली है, उतने प्रभावी वह टेस्ट क्रिकेट में नहीं हो सके हैं। उन्होंने भारत की ओर से अब तक 13 मैच खेले हैं, जिसमें 22.16 की औसत के साथ 56 विकेट लिए हैं।

# सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका

मोहित सूरी एक बेहतरीन निर्देशक हैं, जो आशिकी 2 से लेकर एक विलेन जैसी अपनी कई फिल्मों से यह साबित भी कर चुके हैं। 18 जुलाई को उनकी फिल्म सैयारा आई तो फिल्म देखने के लिए दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ पड़ी। पहले ही दिन अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए कलाकारों की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बड़े–बड़े सितारों की फिल्मों को मात दे दी। आइए जानें उनकी इस फिल्म ने कितनी कमाई की।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक सैयारा ने रिलीज के पहले दिन 20 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक डाटा आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है। नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा ने सैयारा में अपनी एक्टिंग से बॉक्स ऑफिस पर ऐसा धुआं उड़ाया है कि इन्होंने इस साल आई आमिर खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे बड़े सितारों की फिल्मों को भी धूल चटा दी है।

आमिर की फिल्म सितारे जमीन पर ने पहले दिन 10.70 करोड़ रुपये की कमाई की थी तो अक्षय की फिल्म स्काई फोर्स ने 15.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। उधर अजय की रेड 2 ने 19.71 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था। सैयारा का बजट 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ओपनिंग डे पर 20 करोड़ कमाने के बाद अब अनुमान यही है कि शनिवार और रविवार को भी यह धमाकेदार कारोबार करेगी।

रिलीज से पहले ही सैयारा ने 9.39 करोड़ रुपये की दमदार एडवांस बुकिंग की थी। अनुमान लगा जा रहा था कि यह फिल्म 14–16 करोड़ रुपये कमाएगी, लेकिन 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। साफतौर पर मोहित सूरी ने फिर से आशिकी 2 वाला जादू चलाया है। युवा दर्शकों को फिल्म पसंद आ रही है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के जरिए अहान और अनीत ने बॉलीवुड में कदम रखा है।

अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म तन्वी द ग्रेट ने विदेशों में भी खूब नाम कमाया है।

## विजय सेतुपति की थलाइवन थलाइवी का ट्रेलर जारी

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने अभिनेता विजय सेतुपति पिछले कुछ समय से फिल्म थलाइवन थलाइवी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म 25 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में विजय की जोड़ी अभिनेत्री नित्या मेनन के साथ बनी है। फिल्म के निर्देशन की कमान पंडिराज ने संभाली है। अब निर्माताओं ने थलाइवन थलाइवी का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें विजय जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। तेलुगु में इस फिल्म का नाम सर मैडम है। फिल्म को रग्ड लव स्टोरी नाम दिया गया है और ट्रेलर में सभी कलाकारों के मज़ेदार, भावनात्मक और गहन पहलुओं को उजागर किया गया है। नित्या मेनन और विजय सेतुपति ने योगी बाबू, सरवनन, आरके सुरेश और दीपा की स्क्रीन प्रेजेंस से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जो एक संपूर्ण मनोरंजन का वादा करता है। फिल्म का संगीत संतोष नारायणन ने तैयार किया है, जबकि छायांकन एम. सुकुमार और संपादन प्रदीप ई. राघव ने किया है।

# टी–20 अंतरराष्ट्रीय: ऑस्ट्रेलियाई टीम से डेब्यू करते हुए इन बल्लेबाजों ने लगाए हैं अर्धशतक

नईदिल्ली,। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने सीरीज के पहले टी–20 मैच में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 3 विकेट से हराया। सबीना पार्क में खेले गए मुकाबले में कंगारू टीम ने जीत के लिए मिले 190 रन के लक्ष्य को कैमरून ग्रीन (51) और मिचेल ओवन (50) के अर्धशतकों की बदौलत हासिल किया। इसके साथ ही ओवन अब टी–20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करते हुए अर्धशतक लगाने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बने।

इतिहास का पहला टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच 2005 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। ऑकलैंड में खेले गए उस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने 55 गेंदों में नाबाद 98 रन बनाए और उनकी टीम ने 214/5 का स्कोर बनाया था। पोंटिंग ने अपनी इस पारी में 8 चौके और 5 छक्के लगाए थे। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम स्कॉट स्टायरिस के अर्धशतक के बावजूद 170 रन ही बना सकी थी।



पोंटिंग पूर्ण सदस्यीय देशों के खिलाड़ियों में डेब्यू मैच में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। एसोसिएट देशों में कनाडा के मैथ्यू स्पूर्स, रविंद्रपाल सिंह, सर्बिया के लेस्ली डनबर और नामीबिया के जेपी कोट्जे डेब्यू मैचों में शतक जड़ चुके हैं।पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में अपना डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले मुकाबले में 43 गेंदों में 89 रन की पारी खेली थी, जिसमें 7 चौके और 6 छक्के शामिल थे। मेलबर्न में खेले गए उस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 182/9 का स्कोर बनाया था। जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम सिर्फ 130 रन पर ही सिमट गई थी।

सबीना पार्क में हुए मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 189/8 का स्कोर बनाया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने जब 78 रन के स्कोर पर अपना चौथा विकेट खोया, तब ओवन क्रीज पर आए। ओवन ने डेब्यू करते हुए 27 गेंदों में 50 रन बनाए। अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 6 छक्के भी लगाए। इस बीच उन्होंने ग्रीन (51) के साथ मिलकर 5वें विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी भी की।

## एक नजर

### बारिश से जिले में 18 सड़कों पर बंद रहा यातायात

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : सोमवार को जनपद पौड़ी गढ़वाल में तीन राज्य मार्ग सहित 18 सड़कें यातायात के लिए बंद रही। जिसमें से दोपहर तक लोक निर्माण विभाग ने बंद सभी तीन राज्य मार्ग पर यातायात बहाल कर दिया था। साथ ही इसके बाद बंद चल रही ग्रामीण सड़कों सहित 3 मुख्य जिला मार्गों को भी खोलने के लिए जेसीबी लगी थी। सड़कों के जगह-जगह बंद होने से सड़कों को खोलने में समय लग रहा है।

बारिश से सड़कों पर भारी बोल्डर और मलबे के आने से इन दिनों आवाजाही को लेकर परेशानी हो रही है। बारिश के लगातार जारी रहने की वजह से सड़कों को खोलने में लोनिवि को परेशानी हो रही है। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता ओम प्रकाश ने बताया कि सड़कों को खोलने के लिए विभाग ने जिले में 88 जेसीबी लगाई है। सड़कों को प्राथमिकता से खोला जा रहा है। सुबह से बंद चल रहे स्टेट हाईवे लक्ष्मणझूला-दुगड्डा-रथुवाढ़ाब-धुमाकोट, मरचुला-सराई-खेत-बैजरों-पोखड़ा-सतपुली को दोपहर करीब 2 बजे यातायात के लिए खोल दिया गया था। एक ही सड़क के कई जगहों पर अवरुद्ध हो जाने से सड़कों को खोलने में समय लग रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण मोटर मार्गों को खोलने के लिए भी जेसीबी लगाई गई है।

### शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। बारिश के बावजूद सुबह से ही भी शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा और बोल बम के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है। मंदिरों में भक्तों के लिए पहले से ही सभी व्यवस्थाएं जुटाई गई थी। सावन के पहले सोमवार को शहर के क्यूंकालेश्वर, लक्ष्मीनारायण, गगवाडस्यूं घाटी के देवलेश्वर महादेव, कल्जीखाल के थानेश्वर महादेव सहित अन्य शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। देवलेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी सुधीर चंद्र बड़थ्वाल ने बताया कि मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने दिनभर मंदिर में पूजा अर्चना कर शिवालय में जलाभिषेक कर सुख व समृद्धि की कामना की।

### नदी किनारे फंसे तीन युवकों का किया रेस्क्यू

जयन्त प्रतिनिधि।सतपुली : लगातार बारिश होने से नदियों और नालों का जल स्तर बढ़ गया है। सोमवार को दंगलेश्वर महादेव मंदिर के समीप नदी के किनारे तीन युवक फंस गए। एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर फंसे हुए युवकों का रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला। एसडीआरएफ के उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को दंगलेश्वर महादेव मंदिर के पास नदी किनारे तीन युवकों के फंसने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर जाकर टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई। बताया कि टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। टीम ने रोप रिवर क्रॉसिंग तकनीक का प्रयोग करते हुए तीनों युवाओं को सकुशल नदी पार कराकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। टीम में अपर उप निरीक्षक प्रेमप्रकाश, मुख्य आरक्षी महावीर सिंह, आरक्षी मुकेश रावत, अजीत सिंह, रमेश रावत, हिमांशु, संदीप रतूड़ी, नरेंद्र सिंह शामिल थे।

### सामान्य ज्ञान में हंसिका और शिखर रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : गढ़ज्योति सांस्कृतिक कला मंच की ओर से रामलीला मैदान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में हंसिका थपलियाल, सीनियर वर्ग में शिखर ध्यानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रामलीला मैदान में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आरती बहुगुणा ने सभी प्रतिभागियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने को कहा। कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं को मंच मिलता है। जूनियर वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में सेंट जेम्स स्कूल की हंसिका थपलियाल ने पहला, भगत राम मॉडर्न स्कूल की सृष्टि रावत और सेंट जेम्स स्कूल की श्रेष्ठा राणा ने संयुक्त रूप से दूसरा, सेंट जेम्स स्कूल की अदिति रुडोला ने तीसरा स्थान हासिल किया।

सीनियर वर्ग में भगत राम मॉडर्न स्कूल की शिखर ध्यानी पहले, भगत राम मॉडर्न स्कूल के ही स्वास्तिक रावत ने दूसरा और पीएम श्री जीजीआईसी की सृष्टि शाह ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# आफत बनी बारिश, राष्ट्रीय राजमार्ग हुआ बंद


कोटद्वार दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग से मलबा साफ करती जेसीबी मशीन


कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने के बाद सिद्धबली के समीप खड़े वाहन


कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य वर्षा के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरते पत्थर

### कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य पांचवें मील के समीप आया मलबा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रविवार रात हुई बारिश क्षेत्र में आफत बनकर बरसी। बारिश के कारण जहां जगह-जगह जल भराव हुआ। वहीं, कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर पांचवें मील के समीप भारी मलबा आने के कारण हाईवे बाधित रहा। इस दौरान पूरे दिन राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोल्डर गिरते रहे। जिसके कारण कई स्थानों पर डेंजर जोन बन गए।

रविवार रात बारिश शुरु हो गई थी। पूरी रात हुई तेज बारिश के कारण जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया। मूसलाधार बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 534 कोटद्वार और दुगड्डा के बीच पांचवें मील के समीप में सुबह चार बजे के लगभग बोल्डर गिरने से बंद हो गया। सुबह नौ बजे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित रहा। इसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा हुआ था। सूचना मिलने पर पहुंची जेसीबी से बोल्डर हटाकर रास्ता खोला गया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्य स्थानों पर भी बोल्डर गिरते रहे। सिद्धबली के समीप मोड पर भी पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गए थे। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग से आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### वर्षाकाल में यात्रा से बचे

बारिश के दौरान कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग का सफर चुनौती खड़ी कर रहा है। कोटद्वार से दुगड्डा तक 15 किलोमीटर तक सैकड़ों डेंजर जोन बने हुए हैं। जगह-जगह पहाड़ी से पत्थर गिर रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग से वर्षाकाल में सफर करने से बचना चाहिए। कुछ दिन पूर्व दुर्गा मंदिर के समीप पहाड़ी से एक पत्थर कार के ऊपर गिर गया था। जिससे कार के आगे का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था।

## त्रिस्तरीय चुनाव में मतदान नहीं करेंगे मलाणा गांव के ग्रामीण

**लगातार संघर्ष के बाद भी सड़क सुविधा नहीं मिलने पर जताया रोष**

**समय से उपचार नहीं मिलने के कारण हो चुकी है असमय मौतें**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राज्य गठन के बाद भी सड़क सुविधा से वंचित जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत मलाणा गांव के ग्रामीणों ने त्रिस्तरीय चुनाव में मतदान न करने का निर्णय लिया है। कहा कि जब ग्रामीणों को मूल सुविधा ही उपलब्ध नहीं हो पा रही है तो उनका वोट करने का क्या फायदा है।

आज भी ग्रामीणों को मुख्य मार्ग घेरवा से गांव तक पहुंचने के लिए चार किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। समय से उपचार नहीं मिलने के कारण पिछले तीन वर्षों में पांच ग्रामीण अपनी जान गंवा चुके हैं।

समस्या के संबंध में मलाणा गांव के ग्रामीणों ने सतपुली तहसील में उपजिलाधिकारी के माध्यम से


उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजते मलाणा के ग्रामीण

जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। ग्रामीण मनमोहन जुयाल, वाणी बिलास जुयाल ने बताया कि राज्य गठन के बाद भी उन्हें सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। नतीजा सड़क के अभाव में लगातार गांव से पलायन होता जा रहा है। आज भी मुख्य मार्ग घेरवा से गांव तक जाने के लिए ग्रामीणों को खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी बीमार व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाने में होती है। बताया कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी अब तक धरातल पर सड़क निर्माण के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण स्वयं को आधुनिकता से कटा हुआ महसूस कर रहे हैं। कहा कि मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण उनका मतदान से भी भरोसा उठ गया है। ऐसे में उन्होंने वर्तमान में हो रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान न करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर हरीश चंद्र जुयाल, सुरेंद्र प्रसाद जुयाल, सुलोचना देवी, रजनी देवी, उर्मिला देवी, बीना देवी, बसंती देवी, यशोदा देवी, ज्योति देवी, विजय लक्ष्मी देवी, सुमित्रा देवी, संपत्ति देवी, रोशनी देवी आदि मौजूद रहे।

## डा. सुरेंद्र लाल आर्य को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भारतीय दलित साहित्य अकादमी की कोटद्वार इकाई की ओर से सोमवार को सिमलचौड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर मेयर द्वारा सम्मानित किया गया।


कोटद्वार में डा. सुरेंद्र लाल आर्य को सम्मानित करते अतिथि

कार्यक्रम का आरंभ अकादमी जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी और मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि डा. सुरेंद्र लाल आर्य समाज सेवा के क्षेत्र में जाना माना नाम है। वे निर्धन और असहायों की लंबे समय से मदद करते आ रहे हैं। साथ ही वे लंबे समय से भारतीय दलित साहित्य अकादमी से जुड़े हुए हैं और अपने साहित्य के माध्यम से समाज को राह दिखाते रहते हैं। तत्पश्चात उन्होंने शाल ओढ़ाकर डा. सुरेंद्र लाल आर्य को सम्मानित किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश कोटला, विकास आर्य, ओमप्रकाश कोटला, सुरेन्द्र शमशेर जंग, राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. कमलेश कुमार, मनोज सिंह, प्रशांत चौधरी, के.सी निराला, जगदीश राठी, भारत भूषण शाह आदि मौजूद रहे।

## मतगणना के लिए लगेंगी 176 टेबल, 1760 कार्मिकों को किया तैनात

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला निर्वाचन विभाग (पंचायत) पौड़ी ने मतगणना कार्मिकों की तैनाती कर ली है। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस. भदौरिया ने कार्मिकों की तैनाती आदेश जारी किया है। जिले में मतगणना के लिए 176 टेबल बनाई गई है। मतगणना के लिए सबसे ज्यादा टेबल एकेश्वर, बीरोंखाल, द्वारीखाल, पाबौ और खिर्सू में लगेंगी, जबकि सबसे कम कोट ब्लॉक में मतगणना टेबल लगेंगी। मतगणना के लिए 1760 कार्मिकों को तैनात किया गया है। जबकि 230 मतगणना कार्मिकों को रिजर्व रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि 31 जुलाई को जनपद के 15 ब्लाकों में मतगणना होगी। इसके लिए 176 टेबल बनाई गई हैं। जिनमें सबसे ज्यादा एकेश्वर, बीरोंखाल, द्वारीखाल, पाबौ और खिर्सू में 14-14, पौड़ी, जयहरीखाल में 13-13, यमकेश्वर में 12, थलीसैंण, कल्जीखाल, रिखणीखाल, नैनीडांडा, पोखड़ा और दुगड्डा में 10-10 और कोट ब्लाक में सबसे कम 8 मतगणना टेबल हैं। बताया कि मतगणना के लिए 1760 कार्मिक तैनात किए गए हैं। जिनमें 352 मतगणना पर्यवेक्षक और 1408 मतगणना सहायक शामिल हैं। जबकि 46 मतगणना पर्यवेक्षक और 184 मतगणना सहायक रिजर्व में रखे गए हैं।

### महिलाओं ने मनाया तीज पर्व

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन महिला सभा की ओर से तीज महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान महिलाओं की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। संगठन की संरक्षक मंजू अग्रवाल, गीता जिंदल के नेतृत्व में महिलाओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

संगठन की अध्यक्ष प्रिया मित्तल, महासचिव नेहा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीज महोत्सव मनाया गया। महिलाओं के लिए विशेषज्ञ सेल्फी प्वाईंट बनाया गया था। महिलाओं के लिए बनाया गया झूला आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही तीज क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। महिलाओं को उपहार भी वितरित किए गए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष राम प्रसाद जिंदल, महासचिव राजीव अग्रवाल, अनिल गोयल, मानसी गोयल, अंजलि जिंदल आदि मौजूद रहे।

## बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे देवालय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में 16 जुलाई से शुरु हुए सावन माह के पहले सोमवार को देवालयों में जलाभिषेक के लिए भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। श्रद्धालुओं ने भोले बाबा की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की। सोमवार को देवालय भगवान शिव के वैदिक मंत्रों से गूंज उठे। सुबह से ही देवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

मैदानी क्षेत्रों में तो 11 जुलाई को सावन शुरु हो गए थे। लेकिन, उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में 16 जुलाई से सावन प्रारंभ हुए। ऐसे में 21 जुलाई को देवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। सुबह से ही मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी-लंबी लाइन नजर आ रही थी। देवालयों को विशेष रूप से सजाया गया था। सुबह से ही श्रद्धालु घर से देवालय की राह पर चल रहे थे। कई भक्त नंगे पैर हाथों में जल


कोटद्वार के देवालय में शिव के जलाभिषेक के लिए लगी भक्तों की भीड़

का लौठा लेकर जा रहे थे। शिव मंदिरों में भक्तों ने विशेष रूप से भगवान शिव का पूजन किया। घराट स्थित शिव मंदिर, देवी मंदिर, सिद्धबली मंदिर सहित अन्य देवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। भक्तों ने गंगाजल, दूध, दही से भगवान शिव का अभिषेक किया।

## मतदान पार्टी को सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ आवंटित किए बूथ

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के अंतर्गत जनपद में तृतीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया सोमवार को जिला कार्यालय स्थित एन.आई.सी. सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) प्रतीक जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस प्रक्रिया के तहत मतदान प्रक्रिया को सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को रिजर्व सहित कुल 506 मतदान पार्टियों को बूथ आवंटित किए गए।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में प्रत्येक मतदान पार्टी के



लिए एक पीठासीन अधिकारी एवं चार मतदान अधिकारियों सहित कुल पांच कर्मियों का चयन किया गया था, सारा चयन राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया तथा सभी मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की पूर्ण तैयारियों हेतु प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को जिले के तीनों विकासखंडों अगस्त्यमुनि, जखोली तथा ऊखीमठ में निर्वाचन कार्यों के संचालन हेतु कुल 506 मतदान पार्टियों को बूथ आवंटित किए गए है। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। कहा कि सभी मतदान कार्मिकों को निर्वाचन कार्य से पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।

### आपदा की स्थिति में मतदान तिथियों में होगा परिवर्तन

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जनपद चमोली में आपदा की स्थिति में मतदान की तिथियों में परिवर्तन किया जाएगा। जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के सफल संचालन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसके तहत मतदान क्षेत्र में आपदा, भारी वर्षा, भूस्खलन या किसी अन्य प्राकृतिक अथवा मानवीय कारण से निर्धारित तिथि को मतदान करवाना संभव न होने की स्थिति में, ऐसे मतदान केंद्रों पर पुनः मतदान कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार आपदा के चलते मतदान न होने पर प्रथम चरण का मतदान पूर्व निर्धारित तिथि 24 जुलाई को न होने की स्थिति में पुनः मतदान 28 जुलाई, को कराया जाएगा। जबकि द्वितीय चरण के मतदान हेतु निर्धारित तिथि 28 जुलाई को मतदान बाधित होने पर पुनः मतदान 30 जुलाई को करवाया जाएगा। पुनः मतदान का समय प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। आयोग की ओर से मौसम की स्थिति पर विशेष निगरानी रखने और भारी वर्षा और आपदा की संभावना वाले क्षेत्रों की शीघ्र पहचान कर वहां पुनः मतदान की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 20 राजस्व ग्रामों में चल रहा स्वच्छ भारत सर्वेक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जल शक्ति मंत्रालय की ओर से जनपद चमोली में स्वच्छ भारत सर्वेक्षण (ग्रामीण) 2025 किया जा रहा है। जिसके तहत जनपद के 9 विकासखंडों के 20 राजस्व ग्रामों का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर मंत्रालय की ओर से योजनाओं में सुधार के साथ ही राज्य व जनपदों की रैंकिंग की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय की ओर से संचालित सर्वेक्षण कार्य लिए एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज (एएमएस) का चयन किया गया है। एएमएस की ओर से जनपद चमोली 9 विकासखंडों के 20 राजस्व ग्रामों में सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है।


कहा कि सर्वेक्षण के तहत चयनित गांवों में शौचालय की उपलब्धता और उसका उपयोग, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की स्थिति, सामुदायिक शौचालयों की व्यवस्था, खुले में शौच की स्थिति, स्वच्छता को लेकर जन सहभागिता एवं जागरूकता, ग्राम स्तर पर स्वच्छता योजनाओं का प्रभाव आदि का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। जिसके लिए मंत्रालय की ओर से टीम के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है।

## शांतिपूर्ण एवं कुशल ढंग से पंचायत चुनाव सम्पन्न कराएं : एसपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : सोमवार को पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने अपने कार्यालय कक्ष में जनपद के सभी थाना प्रभारियों, शाखा प्रभारियों, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात निरीक्षक, निरीक्षक अभिसूचना, पुलिस दूरसंचार, फायर सर्विस के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। दूरस्थ थानों के प्रभारी गोष्ठी में वी.सी. के माध्यम से जुड़े रहे।

एसपी प्रल्हाद कोंडे ने प्रचलित आदर्श आचरण संहिता की तिथि से थानावार की गयी निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए और प्रभावी तरीके



से निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। शस्त्र लाईसेन्स धारकों के जमा शस्त्रों पर संतुष्टि प्रकट की गयी। एसपी ने चुनाव ड्यूटी हेतु लगाए गए पुलिस बल की समीक्षा करते हुए क्यूआरटी व रिजर्व के पुलिस बल को सम्बन्धित थाना क्षेत्रों में उपलब्ध रखे जाने के निर्देश दिये।

## दूरस्थ मतदान केंद्रों के लिए पांच पोलिंग पार्टियां रवाना

### पोलिंग पार्टियों में एसडीआरएफ के जवानों की भी की गई तैनाती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जनपद चमोली में 24 जुलाई को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रथम चरण की मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। जनपद में हो रही बारिश और पोलिंग पार्टी की सुरक्षा को देखते हुए दल के साथ एसडीआरएफ के जवानों की तैनाती भी की गई है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए कुल 258 पोलिंग पार्टियों



को रवाना किया जाना है। जिसके लिए सोमवार को जोशीमठ विकासखंड के पांच दूरस्थ मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को जोशीमठ से रवाना किया गया। जनपद में मौसम के चलते आपदा की संभावनाओं को देखते हुए द्रोणागिरी, भर्की, भेंटा, डुमक और गंणाई मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया है। वहीं मंगलवार को 79 और बुधवार को 174 पोलिंग पार्टियों को विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों से रवाना किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि जनपद में प्रथम चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। जनपद में मौसम की स्थिति को देखते हुए पांच पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। जबकि अन्य टीमों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रवाना किया जाएगा। बताया कि पोलिंग पार्टियों की सुरक्षा को देखते हुए दल में एसडीआरएफ के जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही सभी रिटर्निंग ऑफिसर को पोलिंग पार्टियों को समय से सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसपी ने कांवड़ क्षेत्र का लिया जायजा

नई टिहरी : जनपद में हो रही भारी बारिश के बीच सावन के सोमवार पर कांवड़ियों की भीड़ के दृष्टिगत एसएसपी आयुष अग्रवाल ने तड़के टिहरी में लगे कांवड़ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान टिहरी पुलिस के जवान भी पूरी तत्परता से कांवड़ ड्यूटी पर तैनात नजर आये। सोमवार को नीलकंठ जाने वाले शिवभक्त डाक कांवड़ लेकर जाते हैं। जिसके कारण कांवड़ियों की अत्यधिक भीड़ होने की संभावना रहती है। एसएसपी आयुष अग्रवाल ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नीरगढ्डू से भद्रकाली, लोनिवि तिराहा, तपोवन, अंजनी पुल, डालवाला, कैलाश गेट आदि क्षेत्र का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था व सुरक्षा का जायजा लिया। इस मौके पर सीओ सुरेंद्र सिंह भंडारी, ओशिन, प्रदीप चौहान, नदीम अतहर, उमा दत्त सेमवाल, टीकम सिंह चौहान आदि पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। (एजेंसी)

### भाजपा समर्थित प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

नई टिहरी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर जिला पंचायत थान वार्ड-11 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी जमुनावती नौटियाल के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रत्याशी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने थत्यूड़ क्षेत्र के सुक्तियाणा, ब्रह्मसारी, खेड़ा कॉलोनी, ब्लॉक रोड, मुख्य बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साधा और जमुनावती नौटियाल को विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर प्रत्याशी जमुनावती नौटियाल ने कहा कि यदि उन्हें सेवा का अवसर मिलता है, तो वे क्षेत्र के विकास व मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और पंचायतों की मजबूती के लिए काम करेंगी। प्रचार अभियान में जयेंद्र बिजल्वाण, पृथ्वी सिंह रावत, लखबीर सिंह पंवार, रतन मणि भट्ट, सुनीता सजवाण, गोविंद सिंह नेगी, वीरेंद्र सिंह राणा, आशुतोष कोठारी, इंद्रमोहन भट्ट, प्रदीप नौटियाल, राजेंद्र प्रसाद आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### पंचायत चुनाव के लिए बनाएं स्ट्रांग रूम

नई टिहरी : जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम नितिका खंडेलवाल के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सफल संपादन के लिए जिले के सभी 9 ब्लॉक क्षेत्रों में निर्वाचन सामग्री के लिए स्ट्रांग रूम तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जाखणीधार ब्लॉक की निर्वाचन सामग्री ब्लॉक मुख्यालय टिपरी में प्रमुख कार्यालय भवन और अतिथि गृह के दोनों कक्षों को स्ट्रांग रूम बनाया है। जौनपुर के लिए जीआईसी थत्यूड़, थौलधार के लिए ब्लॉक कार्यालय थौलधार, देवप्रयाग के लिए जीआईसी हिंडोलाखाल, प्रतापनगर के लिए जीआईसी प्रतापनगर, चंबा के लिए ब्लॉक सभागार चंबा का प्रथम तल, कीर्तिनगर के लिए ब्लॉक कार्यालय कीर्तिनगर, नरेंद्रनगर के लिए ब्लॉक मुख्यालय फकोट और भिलंगना के लिए ब्लॉक मुख्यालय घनसाली के भवन संख्या 3 को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। बताया कि प्रथम चरण का मतदान 24 जुलाई को जौनपुर, प्रतापनगर, जाखणीधार, थौलघार और भिलंगना, जबकि द्वितीय चरण का मतदान 28 जुलाई को कीर्तिनगर, देवप्रयाग, नरेंद्रनगर और चंबा ब्लॉक में होगा।

### शिव भक्तों ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना

चमोली : रिमझिम-रिमझिम सावन के फुहारों के बीच सावन माह के पहले सोमवार को गैरसैंण के शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। बाबा के भक्तों ने मंदिर में बेलपत्री एवं जलाभिषेक कर भगवान से परिजनों एवं क्षेत्र के सुख, शांति एवं समृद्धि की मनौती मांगी। प्राचीन हनुमान मंदिर मेहलचौंरी, बिच्छेश्वर महादेव मंदिर बच्छुवाबाण, अंग्यारी महादेव, आदिबदरी, घुघुतीकोट, आदि मंदिरों में जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही वही क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध मंदिर गंगेश्वर महादेव धुनारघाट में रिमझिम बारिश के बाद भी भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र शाह एवं कोषाध्यक्ष कुंवर खत्री ने बताया कि मंदिर को सजाने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर परिसर में सीसीटीवी की भी व्यवस्था की गई है।

### पुलिस ने किया बदमाश को जिला बदर

चमोली : थाना थराली पुलिस ने पंचायती चुनाव के मद्देनजर आपराधिक प्रवृति के अभियुक्त पवन सिंह उर्फ हवा सिंह, निवासी गुडम स्टेट, तलवाड़ी को गुंडा एक्ट में जिला बदर किया है। हवा सिंह का आपराधिक इतिहास क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए खतरा माना जा रहा था।

# नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएं




**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में शहरी विकास विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाय। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए इस काम में जनसहभागिता भी सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों को प्रोत्साहित किया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के साथ ही स्ट्रीट लाईट, सीवर लाईन, पार्किंग व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, ई-वेस्ट के निस्तारण सहित नागरिक सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जांय। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नगर निकायों के राजस्व बढ़ाने के लिए नवाचार को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नए पार्कों के निर्माण के साथ ही पुराने पार्कों के सौंदर्यीकरण व बेहतर रख-रखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। शहरी विकास विभाग के अधीन संचालित 90 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता वाली योजनाओं पर प्राथमिकता से कार्य किया जाय। बैठक में सचिव शहरी विकास नितेश झा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त देवभूमि रजत जयंती पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इन पार्कों में योग, वॉक और ओपन जिम की सुविधा भी होगी। 9 नवंबर 2026 तक सभी पार्क बनकर तैयार हो जाएंगे। नगर क्षेत्रों में प्रतिवर्ष पचास लाख लीटर वर्षा जल संचय करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। राज्य के सभी 11 नगर निगमों में केन्द्रीयकृत नियंत्रण व प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से स्ट्रीट लाइट प्रबंधन की व्यवस्था की जा रही है। बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, अपर सचिव गौरव कुमार, सी.पी.पी.जी.जी. के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज पंत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन पर केक काटा

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन पर केक काटकर उनकी लंबी आयु की कामना की।

वक्ताओं ने कहा कि जबसे मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी के अध्यक्ष बने हैं,पार्टी ने कई मुकाम हासिल किए हैं। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में प्रदेश मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन मनाया गया।

### 24 जुलाई को होगा पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान

जयन्त प्रतिनिधि ।पौड़ी : पौड़ी जिले में पंचायत चुनाव के पहले चरण में आठ ब्लाक खिर्सू, थलीसैंण, पाबौ, बीरोंखाल, नैनीडांडा, पोखड़ा, रिखणीखाल और एकेश्वर में आने वाली ग्राम प्रधान से लेकर बीडीसी और जिला पंचायत सदस्य सीटों के लिए 24 जुलाई को मतदान होगा। पहले चरण के लिए पोलिंग पार्टियां 23 जुलाई को रवाना होंगी। पहले चरण में जिला पंचायत की 22 सीटों सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य की 195 और ग्राम प्रधान की 509 सीटों के लिए मतदान होगा। जबकि पहले चरण के आठ ब्लाकों में 114 ग्राम प्रधान, 14 क्षेत्र पंचायत सदस्य पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। पहले चरण के लिए होने वाले चुनाव को लेकर अब महज दो दिन ही रह गए है। ऐसे में इन ब्लाकों में प्रचा-प्रसार ने रफ्तार पकड़ ली है। मुख्य विकास अधिकारी पौड़ी गिरीश गुणवंत ने बताया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी संबंधित ब्लाकों से ही होगी।

## पुलिस ने 17 शिव भक्तों को रेस्क्यू किया

नई टिहरी : कावड़ मेले के दौरान जल पुलिस और आपदा राहत दल के कार्मिकों ने बीती 11 से 19 जुलाई तक गंगा घाटों पर 17 शिवभक्तों का सकुशल रेस्क्यू किया है। यह शिवभक्त गंगा स्नान के लिए अलग-अलग प्रदेशों से आए थे। गंगा का बहाव तेज होने के कारण वे तेज लहरों की चपेट में आ गए थे। एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि पुलिस कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए टीम भावना से कार्य कर रही है। बताया कि एक सप्ताह में पुलिस ने मुनिकीरेती, तपोवन क्षेत्र से गंगा की तेज लहरों की चपेट में आए अनिल कुमार, तरुण कुमार, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, अंकित, भारत कुमार, रमेश कुमार, राहुल, सोनू, मोहित कुमार, साहिल, योगेश कुमार, कुलदीप, राहुल सिंह, सचिन कुमार, ओंकार सिंह और गौरव कुमार का सकुशल रेस्क्यू किया है। यह शिवभक्त दिल्ली एनसीआर और यूपी के निवासी हैं।

## दिलचस्प बना कोठी में प्रधान का चुनाव

नई टिहरी : बदरीनाथ धाम के तीर्थपुरोहितों के गांव कोठी में ग्राम प्रधान चुनाव में दिलचस्प मुकाबले की स्थिति बनी है। पिछली बार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित प्रधान पद पर गजपाल चुने गए थे। जबकि इस बार यहां प्रधान पद अनारक्षित होने पर मुकाबला काफी दिलचस्प बना है। करीब 348 मतदाताओं की ग्राम पंचायत कोठी में 70 फीसदी ब्राह्मण मतदाता हैं। जबकि 22 फीसदी ठाकुर और शेष अनुसूचित जाति से जुड़े मतदाता हैं। यहां तीनों समुदायों से ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। अनुसूचित जाति से उदय, ठाकुर समुदाय से युवराज सिंह और ब्राह्मण समुदाय से बृजेश ध्यानी शामिल हैं। इनमें उदय तीसरी बार यहां प्रधान पद की दौड़ में हैं। कोठी के मतदाताओं का साफ कहना है कि वह जाति समुदाय से ऊपर उठकर अपना मतदान करेंगे। जिसका परिणाम किसी भी पक्ष में हो सकता है। कोठी गांव के मतदाताओं की माने तो इस बार ग्राम प्रधान चुनाव का परिणाम नई नजीर पेश करने वाला होगा। (एजेंसी)

## उपनल कर्मचारियों ने नियमतिकरण शुरू करने की मांग उठाई

देहरादून। उपनल कर्मचारी महासंघ ने सरकार ने नियमितीकरण नीति बनाने के लिए विशेषज्ञ समिति के जल्द गठन करने और नियमितिकरण प्रक्रिया को जल्द शुरू करने की मांग की। महासंघ ने आगामी 10 अगस्त को महाबैठक भी बुला ली है। इसमें आगे की रणनीति को तय किया जाएगा। सोमवार को महासंघ पदाधिकारियों ने ऑनलाइन बैठक कर उपनल में आरक्षण के मुद्दे पर नाराजगी जताई। अध्यक्ष विनोद गोदियाल ने कहा कि वर्ष 2012 से ही उपनल में आरक्षण की व्यवस्था लागू है। अब कुछ अधिकारी आरक्षण का जिक्र करते हुए नया विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। महामंत्री विनय प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी 23 मार्च 2025 को उपनल कर्मियों के नियमितीकरण के बाबत स्पष्ट घोषणा भी कर चुके हैं। अब कर्मचारियों को गुमराह किया जा रहा है। कहा कि आगामी 10 अगस्त को उपनल कर्मचारी महासंघ ने महाबैठक करने का निर्णय किया है। इसमें उपनल के सभी कार्यकारिणी और अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी आमंत्रित किए गए हैं। यदि सरकार नियमितीकरण पर जल्द निर्णय नहीं लेती तो उपनल कर्मचारी आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे। सुशीला तिवारी अस्पताल कर्मियों को मानदेय नहीं उपनल कर्मचारियों ने हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल के उपनल कर्मचारियों को मानदेय न मिलने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि आज करीब पांच महीने का वक्त हो चुका है,

### छात्रों की संपूर्ण प्रतिभा-विकास के पहलुओं पर किया मंथन

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर स्थित एसीएल सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 से आरंभ होने वाले चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के उपलक्ष्य में कार्यशाला आयोजित की गई। एनईपी के विवि समन्वयक प्रो. प्रशांत कंडारी ने नवाचारपूर्ण पाठ्यक्रम ढांचे, बहु-विषयक दृष्टिकोण और छात्रों की संपूर्ण प्रतिभा-विकास के विविध पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 देश की उच्च शिक्षा प्रणाली को विश्व स्तरीय बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी प्रयास है। इसे प्रभावी रूप से लागू करने के लिए विवि के प्रत्येक सदस्य चाहे वह शिक्षक हों, प्रशासक या छात्र का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का टर्न ओवर 2030 तक एक सौ करोड़ का लक्ष्य रखा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के अम्ब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का टर्न ओवर वर्ष 2030 तक एक सौ करोड़ रूपए किए जाने का लक्ष्य तय करते हुए इसके उत्पादों की यूनिटी मॉल के माध्यम से भी विपणन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक विकासखंड में एक-एक स्मार्ट गांव विकसित किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इन गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए सभी परिवारों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाय।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित गेमचेंजर योजनाओं-मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना, ग्रोथ सेंटर योजना, हाउस ऑफ हिमालयाज तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के संसाधन बढ़ाने के साथ ही रिवर्स पलायन करने वाले लोगों को हर संभव प्रोत्साहन दिया जाना जरूरी है। कहा कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 'डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम' को मजबूत किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के लिए अंब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के उत्पादों के विपणन के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम किया जाय। इसके उत्पादों की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक दृष्टिकोण अपनाते हुए ग्रोथ सेंटर्स के उत्पादों को बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जांय। जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका में वृद्धि हो सके। ग्रोथ सेंटर्स को कौशल विकास से जोड़ने के लिए भी काम किया जाय। इस अवसर पर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी, अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, अपर सचिव सुश्री झरना कमठान, अपर सचिव सुश्री अनुराधा पाल, सी.पी.पी.जी.जी. के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज पंत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदान तिथियों को लेकर भ्रम में न रहे मतदाता : आयोग

### 24 और 28 जुलाई 2025 को दो चरणों में ही होगा मतदान

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड ने स्पष्ट किया है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान की तिथियों में किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पंचायत के चुनाव दो चरणों में 24 और 28 जुलाई 2025 को ही होंगे। आयोग ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी आपातकालीन स्थितियों की वजह से किसी पोलिंग स्टेशन या बूथ पर मतदान नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति के लिए ही पुनर्मतदान की तिथियां घोषित की गई हैं। 20 जुलाई 2025 को जारी आयोग का पत्र भी इसी से संबंधित है, जिसका मतदान की तिथियों में परिवर्तन से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। आयोग ने



मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान की तिथियों को लेकर किसी तरह के भ्रम में न रहें। आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने स्पष्ट किया है कि पहले चरण में 24 जुलाई 2025 को किसी पोलिंग स्टेशन या बूथ पर मतदान न होने की स्थिति में पुनर्मतदान 28 जुलाई 2025 को होगा। इसी तरह, ये स्थिति यदि 28 जुलाई 2025 के मतदान के दिन उत्पन्न होती है, तो संबंधित पोलिंग स्टेशन या बूथ पर 30 जुलाई 2025 को पुनर्मतदान कराया जाएगा। पुनर्मतदान यदि आवश्यक हुआ, तो सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक कराया जाएगा। मतगणना निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई 2025 को ही होगी। सचिव के अनुसार चुनाव के दौरान पुनर्मतदान की तिथियां हर बार घोषित की जाती रही है।

### किशोरी का अपहरण करने वाले आरोपियों को हरिपुर में पकड़ा

विकासनगर। नाबालिग को बहला–फुसलाकर अपने साथ सहारनपुर ले जा रहे तीन युवकों को नाबालिग के चाचा ने स्थानीय लोगों के साथ पकड़ लिया। इसके बाद वह नाबालिग और तीनों आरोपियों को थाना कालसी ले गए और तीनों को पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ अपहरण और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक सहारनपुर निवासी तीन युवक अंबाड़ी से नाबालिग को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले जा रहे थे। इस बात की भनक उसके चाचा को लग गई। जिसके बाद चाचा ने उनका पीछा किया और हरिपुर में स्थानीय लोगों की मदद से नाबालिग भतीजी के साथ ही तीनों को पकड़ लिया। बताया कि इसके बाद उनकी धुनाई की और पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष कालसी दीपक धारीवाल ने कहा कि मुकेश पुत्र संता कुमार निवासी जिसऊघराना कालसी हाल पता मेहूंवाला चेतना क्लब के पास अंबाड़ी, राहुल जोशी निवासी डुमेट, ऋतिक पुत्र मुकेश निवासी ग्राम चपर पीडी थाना अंम्बेटा जिला सहारनपुर को अपने साथ पकड़कर थाने लाए थे।

### वार्षिक पत्रिका 'निर्झरणी का हुआ विमोचन

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'निर्झरणी 2024-25 का विमोचन विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने सोमवार को कुलपति सचिवालय में किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने सम्पादक मंडल को बधाई देते हुए कहा कि 'निर्झरणी न केवल छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा का दर्पण है, बल्कि यह विवि की अकादमिक और सांस्कृतिक चेतना को भी अभिव्यक्त करती है, जिससे छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता को नई दिशा मिलती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं ने कहा कि 'निर्झरणी पत्रिका हमारे विद्यार्थियों की साहित्यिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करती है। मौके पर कुलसचिव प्रो. आरके डोढी, निर्झरणी के मुख्य संपादक डॉ. विश्वेष वाग्मी, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. सविता भंडारी, डॉ. श्वेता कपूर आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## मानसून के दौरान भी हर घर तक निर्बाध जारी रहे पानी की सप्लाई

देहरादून। मुख्यमंत्री के सुशासन एवं जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन सर्तकता और सक्रियता से युद्वस्तर पर समस्या का निदान करने में जुटा है। विगत 14 अप्रैल से लेकर 21 जून तक कंट्रोल रूम को पेयजल की 240 शिकायतें मिली है, जिसमें से 230 शिकायतों का समाधान कर लिया गया है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के सीजन में भी हर घर तक शुद्व पानी की सप्लाई निर्बाध रूप से जारी रहे। जनमन की समस्या प्रशासन की समस्या है। इसमें कोई लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पानी की शिकायत मिलते ही उसी दिवस को उसका समाधान कर लिया जाए। डीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर घर तक शुद्ध पेयजल की प्रतिदिन निबार्ध आपूर्ति सुनिश्चित करना ही है। बजट की कोई कमी नही है। कहीं पर फंड की विशेष आवश्यकता है तो इसकी डिमांड उपलब्ध करें।

जिलाधिकारी ने पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग में लगी है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुड़े 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से 24ग7 जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है।

करनपुर निवासी राजेन्द्र उनियाल ने जिलाधिकारी को पानी न आने की शिकायत की।

# आदेशों की मनमानी पर एक और बैंक बना डीएम के कोप का भाजन; सीएसएल बैंक सील

देहरादून। जिला प्रशासन इन दिनों जनहित से जुड़े विषयों पर सख्त रूख अपनाए हुए हैं, जहां जनहित में निरंतर कड़े निर्णय लिए जा रहें हैं वही आदेशों की अहवेलना पर सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। ऐसा ही एक अन्य प्रकरण बैंक ऋण से सम्बन्धित व्यथित प्रिया का है जहां आदेशों की ना फरमानी पर एक और बैंक डीएम के कोप भाजन बना है। जिस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने बैंक शाखा को सील करते हुए ताला जड़ दिया है। विगत 11 जुलाई 2025 को जिलाधिकारी के समक्ष आर्थिक तंगी से जूझ रही 4 छोटे बच्चां की मॉ विधवा प्रिया ने गुहार लगाई थी कि पति की मृत्यु के उपरान्त बैंक एक वर्ष से बीमित ऋण का न तो क्लेम दे रहा है तथा सम्पति के कागज भी जब्त किए गए हैं।उन्होंने डीएम से गुहार लगाते हुए का कि उनके पति स्व0 विकास कुमार द्वारा 6.50 लाख का बैंक से ऋण लिया था तथा बैंक के अनुरोध पर ऋण का भी बीमा भी करवाया था। बीमा कम्पनी द्वारा ऋण का बीमा करते समय सभी मानकों /जांच जिसमें शारीरिक तथा अन्य समस्त जांच की औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए ऋण का बीमा किया गया तथा प्रीमियम शुल्क काटते हुए ऋण भुगतान उनके पति को किया गया। पति की आकस्मिक मृत्यु उपरांत चार नन्ही बालिकाओं की विधवा मॉ प्रिया ऋण बीमा धोखाधड़ी में सीएसएल बैंक, को प्रशासन द्वारा सील कर ठप्प कर दिया है जल्द ही नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। पति प्रिया के पति विकास की मृत्यु उपरांत ण बीमा होते हुए भी बैंक उपद्रवी एजेंटस द्वारा उनका घर के कागज जब्त कर लिए थे। व्यथित विधवा प्रिया को बीमा धनराशि नो ड्यूज न देने पर प्रशासन ने राजपुर रोड स्थित बैंक शाखा पर ताला जडते हुए सी कर दिया है। विधवा महिला फरियादी प्रिया पति विकास कुमार की मृत्यु उपरांत एक वर्ष से न्याय को भटक रही थी। दंपति द्वारा सी.एस.एल. फाईनेंस लि0 से 6.50 लाख का ऋण लिया था तथा ऋण का बीमा भी कराया था। उनके पति की मृत्यु 12 जुलाई 2024 को आकस्मिक मृत्यु हो गई थी।

### किशोरियों से बालश्रम कराने में दो परिवारों पर मुकदमा बालश्रम

देहरादून। किशोरियों से बालश्रम कराने में दो परिवारों के खिलाफ बसंत विहार थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

जिला टास्क फोर्स ने दोनों बालिकाओं को जीएमएस रोड स्थित अलग–अलग घर में काम करते हुए रेस्क्यू किया। सहायक श्रम आयुक्त देहरादून और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर कार्रवाई की गई। लेबर इंस्पेक्टर अश्विनी हलदार ने बताया कि जिला टास्क फोर्स की टीम सोमवार सुबह साईंलोक कॉलोनी, जीएमएस रोड पहुंची। यहां मधु शर्मा पत्नी अनिल शर्मा के घर से 11 वर्षीय बालिका और सुरेश कालरा के घर से 12 वर्षीय बालिका को मुक्त कराया गया।

## शादी को लेकर ऑनलाइन वेबसाइटों के चक्कर में फंस रहे युवा

### –शादी डॉट कॉम पर संपर्क के बाद महिला से दोस्ती करना पड़ा महंगा

देहरादून। आज के डिजिटल दौर में यह खबर आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। शादी के चक्कर में अक्सर युवा ऑनलाइन वेबसाइटों के चक्कर में फंसते है। ऐसे में कई बार उनकी जिंदगी में बहार आने से पहले तूफान आ जाता है। ऐसा ही एक मामला हरिद्वार जिले में सामने आया हैं जहां कनखल निवासी एक युवक को शादी डॉट कॉम पर संपर्क के बाद एक महिला से दोस्ती करना महंगा पड़ गया। महिला ने उसे देहरादून बुलाया और एक होटल में ले जाकर अश्लील हरकतें की। इसके बाद महिला और उसका साथी दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर युवक से 10 लाख रुपये की डिमांड कर रहे हैं। युवक की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

दोनों ने एक रेस्टोरेंट में पी बीयरः पुलिस के अनुसार हरिद्वार जिले कनखल की गायत्री लोक कालोनी निवासी विकास गुप्ता ने कुछ दिन पहले शादी डॉट कॉम पर अपनी प्रोफाइल बनाई थी। इसके बाद विगत छह जुलाई को उसके पास निशा नाम से एक युवती की काल आई। दोनों के बीच अक्सर बातचीत होने लगी। विकास ने बताया कि 12 जुलाई को निशा ने उसे देहरादून आइएसबीटी पर मिलने बुलाया। निशा अपनी कार से आई थी, इसलिए विकास ने अपनी कार पार्किंग में खड़ी कर दी। दोनों ने रास्ते में एक रेस्टोरेंट में बीयर पी और खाना खाया। इसके बाद शाम छह बजे दोनों मसूरी कैंपटीफाल रोड स्थित एक होटल पहुंचे और वहां आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस की फोटो कापी देकर कमरा लिया।

नशे की हालत में करने लगी अश्लील हरकतें: विकास का आरोप है कि होटल पहुंचते ही निशा ने दोबारा बियर मंगाई और नशे की हालत में अश्लील हरकतें करने लगी। जब उसने इसका विरोध किया तो धमकी दी कि यदि वह उसकी बात नहीं मानेगा तो दुष्कर्म का आरोप लगाकर जेल भिजवा देगी। युवती उससे रूपये की मांग करने लगी। डर के चलते उसने 20 हजार रुपये दे दिए। रात करीब डेढ़ बजे विकास उसे आइएसबीटी पार्किंग पर छोड़कर चला आया।

# नदियों की स्वच्छता के प्रति जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की प्रमुख नदियों के संरक्षण, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्थिति, वेस्ट डिस्पोजल मैनेजमेंट और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी नियंत्रण सहित विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।



जिलाधिकारी ने समिति के अधिकारियों से जनपद में नदियों में प्रदूषण फैलाने वाले कारकों पर तत्काल नियंत्रण करने हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थान पर दूषित जल, अपशिष्ट कचरा अथवा अन्य प्रकार की गंदगी यदि नदियों में प्रवाहित की जाती है, तो संबंधित विभाग तत्काल संज्ञान लेकर नोटिस जारी करें एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णतया प्रतिबंध की दिशा में सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इसके प्रयोग पाए जाने पर तत्काल चालान की कार्रवाई की जाए। साथ ही, जनपद में नए ड्रेनेज स्थलों की पहचान कर समयबद्ध समाधान के लिए आवश्यक योजना बनाई जाए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी श्रीमती कल्याणी, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, अधिशासी अभियंता सिंचाई खुशवंत सिंह चैहान, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, जिला पंचायती राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, परियोजना अधिकारी उरेड़ा राहुल पंत तथा संबंधित नगर निकायों के ईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबार्ड उत्तराखण्ड क्षेत्रीय कार्यालय का 44वां स्थापना दिवस समारोह मनाया

देहरादून। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने 12 जुलाई 2025 को राष्ट्र सेवा के 44वें वर्ष में प्रवेश किया है। इस विशेष अवसर पर सहकारिता, स्वास्थ्य एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आईटी पार्क, सहस्त्रधारा रोड स्थित नाबार्ड, उत्तराखण्ड क्षेत्रीय कार्यालय में नाबार्ड का 44वां स्थापना दिवस समारोह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने स्वयं सहायता समूह एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया एवं उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना की। कार्यक्रम में राष्ट्र के निर्माण में नाबार्ड की 44 वर्षों की यात्रा तथा वर्तमान में नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को एक लघु फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। नाबार्ड स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में पैनल चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गणमान्य ने द्वारा "समावेशी विकास हेतु ग्रामीण उद्यम का प्रोत्साहन" विषय पर विचार रखे गए। शशि कुमार, महाप्रबंधक, नाबार्ड द्वारा अपने स्वागत भाषण में नाबार्ड की महत्वपूर्ण उपलब्धियां और चार दशकों के दौरान देश के कृषि और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित नाबार्ड के योगदान और उत्तराखण्ड राज्य में नाबार्ड द्वारा क्रियान्वित विभिन्न पहलों तथा परियोजनाओं से सभी को अवगत कराया। पंकज यादव मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, ने अपने अभिभाषण में ग्रामीण वित्तीय संस्थाओं को ऋण योजना, पर्यवेक्षण, एवं विकासात्मक कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में नाबार्ड की गौरवशाली और प्रभावपूर्ण यात्रा से सदन को अवगत कराया एवं बताया कि नाबार्ड किसानों, सहकारी संस्थाओं एवं ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है जिससे उत्तर-खण्ड के हर कोने का विकास सुनिश्चित किया जा सके।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com